14.05.2025 आकाशवाणी केन्द्र शिमला 1945बजे

प्रादेशिक समाचार

<u>मुख्य समाचार</u>

1. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने देश भर में शुरू की तिरंगा यात्रा–भारतीय सेना के शौर्य को किया नमन।
2. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध।
3. कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा–पशु पालकों की आजीविका को सुदृढ करने में पशु पालन विभाग की अहम भूमिका।
4. मनाली के बिंदू ढांक के समीप एक तेज रफ्तार वाहन के कुचलने से एक व्यक्ति और 10 बकरियों की मौत।

<u>तिरंगा यात्रा</u>

भारत और पाकिस्तान के बीच हुई जंग में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। सेना के शौर्य और पराक्रम को हर भारतीय नमन कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी देश भर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। शिमला में सीटिजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी फोरम के बैनर तले भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। उपायुक्त कार्यालय से तिरंगा यात्रा शुरू हुई जो रिज मैदान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने समाप्त हुई। यात्रा का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने किया। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि यह यात्रा भारत की सेना के सम्मान में निकाली गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान को कई बार झुकाया और इस बार भी घुटनों पर लाया है और पहलगाम की घटना के बाद भारतीय सेना ने जिस तरह पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया वह सराहनीय है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई को नमन करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है और आगे भी अगर पाकिस्तान फिर से कोई घटना को अंजाम देगा तो भारतीय सेना उसका भी दोगुनी ताकत के साथ जवाब देगी।

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों सहित महिलाओं ने भी इस यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को निर्णायक कदम बताया।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर उनका समावेशी विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के वंचित और हाशिए पर खड़े वर्गों के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला स्थित अपने आधिकारिक आवास 'ओक ओवर' में हमीरपुर स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए यह बात कही। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अन्यायपूर्ण तरीके से किसी भी व्यक्ति की आजीविका नहीं जानी चाहिए और प्रदेश

सरकार जरूरतमंद लोगों को राहत, सहायता और अवसर प्रदान करने का क्रम जारी रखेगी। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने लंबे समय से चले आ रहे मामलों के समाधान में सहयोग और हस्तक्षेप के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उनके खोखे पहले मनमाने ढंग से तोड़ दिए गए थे, जिससे वे आजीविका और आश्रय के स्रोत से वंचित हो गए। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री ने इन परिवारों को न्याय और आजीविका के साधन उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की।

भेंट

इस बीच सोलन विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूर्तिपूर्वक विचार किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और विधाायक सुदर्शन बबलू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूदा रहे।

अहिल्या बाई जयंती

अहिल्या बाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य पर शिमला स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय दीप कमल चक्कर में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की महामंत्री दीप्ति रावत ने मुख्यअतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अहिल्या बाई होलकर को पूरे देश में रानी और देवी के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि होलकर ने जिस प्रकार से राज्य की जीडीपी बढ़ाई और कॉटन इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया वो अदभुत था, और होलकर राज्य की महेश्वर साड़ी आज भी पूरे देश में प्रसिद्ध है। दीप्ति रावत ने बताया कि भाजपा देश और प्रदेश में अहिल्या बाई होलकर की जीवनी के बारे में जानकारी देकर महिला सशक्तिकरण का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 31 मई तक होलकर जन्म शताब्दी पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रानी अहिल्याबाई जी को पढ़ते हैं, उनके बारे में जानते हैं तो हमें ये देखने को मिलता है कि रामेश्वरम से लेकर द्वारका तक और काशी विश्वनाथ से लेकर बद्रीनाथ तक आप कोई भी धाम पूरे देश भर में अगर आप देश के कोने कोने में देखेंगे तो संस्कृति को बढ़ाने का काम अगर कहीं हुआ है तो रानी अहिल्याबाई ने उसको किया है और देश के हर कोने में किया है, उसके साथ–साथ जब वो मालवा प्रदेश को रूल कर रही थी, तीन दशक उन्होंने वहां पर राज्य को संभाला. 300 साल पूर्व की बात है, उनका जन्म हुआ था 1725 में और उस वक्त महिलाओं का पढ़ना, लिखना, उनको युद्ध कौशल सीखना उनके लिए बहुत बड़ी बात थी, हमारी जो आने वाली पीढ़ियां हैं, उसको ऐसी जो विभूतियां हैं, उनके बारे में जानना, पहचानना, उनके बारे में पढ़ने की बहुत जरूरत है।

कार्यशाला में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक कपूर और महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने विशेष रूप से भाग लिया।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि पशु पालकों की आजीविका को सुदृढ करने में पशु पालन विभाग की अहम भूमिका है। उन्होंने आज चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आयोजित क्षेत्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर ये बात कही। कृषि मंत्री ने कहा कि पशु पालन विभाग को और बेहतर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और प्राकृतिक खेती के लिए भी पशु धन आवश्यक संसाधन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पशु गणना का कार्य पूरा कर लिया गया है और रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी गई है। इससे प्रदेश में लावारिस पशुओं की संख्या का पता लग सकेगा। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार सड़कों से बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। संगोष्ठी में कांगड़ा, चंबा हमीरपुर और ऊना जिले से लगभग तीन सौ वैटरनरी फार्मासिस्ट ने भाग लिया।

विकमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विकमादित्य सिंह ने आज शिमला में शहरी विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में 90–10 के अनुपात में चलाई जा रही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित सभी योजनाओं को समयबद्ध कियान्वित किया जाना चाहिए। विकमादित्य सिंह ने कहा कि पांच फरवरी को प्रदेश भर में स्वच्द शहर समृद्ध शहर अभियान शुरू किया गया था जिसका उददेश्य जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए शहरी स्वच्छता व सतत विकास को बढ़ावा देना रहा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत सुंदरनगर, सोलन, धर्मशाला, जुब्बल, जोगिन्द्रनगर, पालमपुर व सुजानपुर शहरी निकायों ने पहले पांच स्थानों पर रह कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

सड़क हादसा

कुल्लू जिला के मनाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिंदु ढांक के समीप आज सुबह कुल्लू की तरफ से आ रही एक तेज़ रफ़्तार टैक्सी ने बकरियों और उनके साथ चल रहे महेन्द्र सिंह को भी कुचल दिया जिससे व्यक्ति और 10 बकरियों की मौत गई। 37 वर्षीय महेन्द्र सिंह मंडी जिले की सदर तहसील के काल्ड़ी क्षेत्र के निवासी थे। ये भेड़–बकरी पालक अपनी बकरियों को लेकर कनयाल की ओर जा रहे थे और बीती रात पतलीकुहल में रुके थे। पुलिस ने मनाली थाने में मामला दर्ज किया है और आगामी कार्रवाई जारी है। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

सीजेआई गवई–शपथ..........

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति गवई को पद का शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है। जिनका कल कार्यकाल समाप्त हो गया था। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रसाद योजना

चम्बा जिला के धार्मिक पर्यटक स्थलों में केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत अनेक नई विकास परियोजनाओं को शुरू किया जाएगा। इससे न केवल यहां आने वाले धार्मिक पर्यटकों के लिए सुविधाओं में सुधार होगा बल्कि जिला के पर्यटन स्थलों को विशेष पहचान भी हासिल होगी। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने चंबा में प्रसाद योजना के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रसाद योजना भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य तीर्थ स्थलों को विकसित करना और उनकी पहचान बढ़ाना है।